कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-30.03.2025

विषय:- मंदिर में चोरी करने के मामले में वांछित अभियुक्त पदम नाथ पाठक को थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया, कब्जे से चोरी का माल, घटना में प्रयुक्त विभिन्न औजार व 01 अदद वाहन स्कूटी बरामद।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों की की रोकथाम तथा चोरी/लूट/नकबजनी की घटनाओं के अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के कुशल नेतृत्व में, थाना लोहता पुलिस टीम द्वारा "**ऑपरेशन चक्रव्यूह**" के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-067/2025 धारा 305 बी0एन0एस0 व बढ़ोत्तरी धारा 317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमि0 वाराणसी से सम्बन्धित 01 नफ़र वांछित अभियुक्त पदम नाथ पाठक पुत्र स्व0 प्रभुनाथ पाठक निवासी जे 6/7 ए1 जैतपुरा थाना जैतपुरा जनपद वाराणसी को दिनांक-29.03.2025 को समय करीब 21.40 बजे सभईपुर रेलवे अंडरपास के नीचे थाना लोहता कमि0 वाराणसी से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद सफेद धातु का गुटका, 02 अदद घण्टा, घटना में प्रयुक्त विभिन्न प्रकार के औजार व 01 अदद वाहन स्कूटी बरामद हुई। उक्त गिरफ्तारी/बरादमगी के आधार पर थाना लोहता पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण- दिनांक 24.03.2025 को वादी मुकदमा/प्रार्थी ने दिनांक-21/03/2025 को अज्ञात चोर द्वारा थाना लोहता क्षेत्र स्थित भर्थरेश्वर महादेव मंदिर के अंदर से चांदी का नाग चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना लोहता में मु0अ0सं0-067/2025 धारा 305 बी0एन0एस0 पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 अनुज कुमार संपादित की जा रही है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्त पदम नाथ पाठक ने पूछताछ करने पर बताया कि मैंने ग्राम भरथरा स्थित शिवमंदिर में शिवलिंग से चाँदी का नाग चोरी कर लिया था, जिसे छोटे-छोटे टुकड़े कर के गला दिया है, यह वही चाँदी है और इन 02 घण्टों को मैं कहाँ से चुराया हूँ मुझे याद नहीं है। मेरे पास से बरामद इन औजारों की मदद से मैंने शिवलिंग से लगे चाँदी के नाग को अलग किया था और छोटे छोटे टूकड़ो में काटा था तथा इसी स्कूटी से भरथरा मंदीर में चोरी करने गया था। आज मैं इसी चांदी के गुटका को कहीं बेचने के फिराक में था कि आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

पदम नाथ पाठक पुत्र स्व0 प्रभुनाथ पाठक निवासी जे 6/7 ए1 जैतपुरा थाना जैतपुरा जनपद वाराणसी, उम्र करीब 60 वर्ष।

गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय- सभईपुर रेलवे अंडरपास के नीचे थाना लोहता कमि0 वाराणसी से, दिनांक-29.03.2025 को समय करीब 21.40 बजे।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद सफेद धातु का गुटका, 02 अदद घण्टा, घटना में प्रयुक्त विभिन्न औजार (02 अदद कटर, 01 अदद प्लास, 01 अदद छेनी, 01 अदद हथौड़ी) व 01 अदद वाहन एक्टिवा स्कूटी UP65DQ0936 बरामद।

आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0-067/2025 धारा 305,317(2) बी0एन0एस0 थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्र0नि0 प्रवीन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 अनुज कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
3. उ0नि0 अमित कुमार यादव थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
4. हे0का0 सत्य प्रकाश सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
5. हे0का0 प्रवीण सिंह थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
6. हे0का0 मोहन कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।
7. का0 अजीत कुमार थाना लोहता कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी